हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

No. BSEH/SEC/2023 — **'प्रैस नोट'** — **Circular No.: 22**
Dated : 24.12.2023

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2023

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा दिसम्बर 2023 के लेवल 2 (TGT) के सभी 12 विषयों के प्रश्न पत्रों में सैट–ए के प्रश्न संख्या 77, सैट–बी के प्रश्न संख्या 61, सैट–सी के प्रश्न संख्या 73 व सैट–डी के प्रश्न संख्या 63 का फाईनल उत्तरकुंजी में विकल्प 1 उत्तर निर्धारित था। कुछ परीक्षार्थियों से इस प्रश्न के सन्दर्भ में आपत्ति बोर्ड कार्यालय में प्राप्त हुई जिसके कारण वर्णित प्रश्न का विषय विशेषज्ञों की समिति से पुनः परीक्षण करवाया गया । विषय विशेषज्ञों की राय अनुसार वर्णित प्रश्न के विकल्प 1 के साथ–साथ विकल्प 3 भी सही उत्तर पाया गया है। बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों के हित में निर्णय लेते हुए वर्णित प्रश्न के विकल्प 1 के साथ विकल्प 3 को भी सही उत्तर मानते हुए सम्बन्धित परीक्षार्थियों को जिनके द्वारा विकल्प 3 को उत्तर मानते हुए गोला भरा था, को लाभ देने का निर्णय लिया गया है जिससे लेवल 2 (TGT) के 1308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन 1308 परीक्षार्थयों का परिणाम बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन होने बाद घोषित किया जाएगा। सम्बन्धित परीक्षार्थियों को बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन के लिए उपस्थित होने बारे सूचना/शैड्यूल शीघ्र ही जारी किया जाएगा।

परीक्षार्थी नवीनतम जानकारी/अपडेट के लिए बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in का नियमित अवलोकन करते रहें ताकि किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रहें।

सचिव